प्रादेशिक समाचार
23.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग पर अब तक तस्वीर साफ नहीं, झामुमो ने जारी की 36 प्रत्याशियों की सूची, राजद ने भी छह उम्मीदवारों की घोषणा की, कांग्रेस की दूसरी सूची आज देर शाम तक संभव।
2. हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा– हम ने भी जारी की आठ प्रत्याशियों की सूची, चतरा के अलावा पलामू प्रमंडल की सात सीटों पर उतारे उम्मीदवार।
3. पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया हुई तेज, चुनाव प्रचार ने भी पकड़ी रफ्तार, भाजपा और झामुमो के बीच आरोप–प्रत्यारोप जारी।
4. विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्यभर में जांच अभियान तेज, धनबाद से लगभग 72 लाख रुपये कैश बरामद, लोहरदगा में 15 लाख रुपये के मादक पदार्थ जब्त।
5. मौसम विभाग ने चक्रवात डाना के कारण रांची, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम समेत राज्य के कई जिलों में 25 अक्टूबर तक तेज हवा के साथ भारी बारिश की जताई संभावना, कई ट्रेनें रद्द।

***************

झारखंड मुक्ति मोर्चा–जेएमएम ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार की दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने राज्यसभा सदस्य महुआ माझी को रांची विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। इससे पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी पहली सूची में 35 प्रत्याशियों की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन बरहेट सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो को नाला निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दी गयी है। कल्पना सोरेन गांडेय सीट से चुनाव लड़ेंगी।

***************

इस बीच रांची पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश चुनाव प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पार्टी की ओर से आज देर शाम तक प्रत्याशियों की एक और सूची जारी की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि गठबंधन के स्वरुप पर भी जल्द आधिकारिक घोषणा हो जायेगी। उन्होंने कुछ सीटों पर दोस्ताना संघर्ष होने के भी संकेत दिया।

***************

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाला हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा– हम ने अपने आठ उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। चतरा सीट से मनोज भुईयां को टिकट दी गयी है। इसके अलावा मनिका, लातेहार, डालटनगंज, विश्रामपुर, छत्तरपुर, हुसैनाबाद और पांकी से भी पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है।

***************

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया तेज हो गयी है। इसके साथ ही राज्य में विभिन्न राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान भी तेज हो गया है। इस कड़ी में आज गढ़वा से भाजपा प्रत्याशी सत्येन्द्र तिवारी के नामांकन में शामिल होने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह सत्ता हासिल करने का चुनाव नहीं है बल्कि रोटी, बेटी और माटी बचाने का चुनाव है।

उधर, हुसैनाबाद में पार्टी प्रत्याशी कमलेश सिंह के नामांकन कार्यक्रम में भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा शामिल हुए। मौके पर उन्होंने भी कहा कि यह चुनाव झारखंड के अस्तित्व को बचाने का चुनाव है।

***************

उधर, गुमला जिले के बिशुनपुर विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार समीर उरांव के नामांकन कार्यक्रम में पार्टी की वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार ने जनता का विश्वास खो दिया है।

***************

इस बीच भाजपा नेता सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि रांची, हटिया, कांके और मांडर से पार्टी प्रत्याशी कल अपना नामांकन दाखिल करेंगे। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री सेठ ने बताया कि नामांकन कार्यक्रम में पार्टी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान शामिल रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने सभी वर्गों को छलने का काम किया है।

***************

उधर, चाईबासा से झामुमो प्रत्याशी और राज्य के मंत्री दीपक बिरुवा ने नामांकन किया। उनके नामांकन कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा जनता को गुमराह कर रही है।

***************

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्यभर में जांच अभियान तेज कर दिया गया है। इस कड़ी में धनबाद–बोकारो सीमा पर महुदा थाना क्षेत्र से एक कार से 71 लाख 97 हजार रुपये बरामद किये गये हैं। मामले की जांच आयकर विभाग के अधिकारी कर रहे हैं।

उधर, लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र से एक यात्री वाहन से पुलिस ने लगभग 15 लाख रुपये मूल्य के गांजा बरामद किया है। इस सिलसिले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

***************

इस बीच मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि आचार संहिता उल्लंघन और धन बल के इस्तेमाल के खिलाफ राज्य भर में सख्त कदम उठाये जा रहे हैं। रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उन्होंने बताया कि अब तक आचार संहिता उल्लंघन के 14 मामले दर्ज किये गये हैं और साढ़े सत्रह करोड़ से ज्यादा नगद, मादक पदार्थ और अन्य आपत्तिजनक चीजें जब्त की गयी हैं।

***************

एंटी करप्शन ब्यूरो– एसीबी ने चतरा में इचाक की पंचायत सचिव को रंगे हाथ पांच हजार घूस लेते गिरफ्तार किया है। पंचायत सचिव पर अबुआ आवास योजना में एक लाभुक से रिश्वत लेने का आरोप है।

********समाप्त********